लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 94 / 2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 30.09.2020
GIS No:-2020/00349

श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

**निर्णय**

**दिनांक 27.10.2020**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 15.07.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 94 / 2020 / (27.10) / 641 दिनांक 30.09.2020 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला को दिनांक 27.10.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 27.10.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 22.10.2020 (कार्यालय में प्राप्ति दिनांक 27.10.2020) के माध्यम से अपना पक्ष रखा कि उसे दिनांक 22.10.2020 तक भी सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला से उसके आवेदन में वर्णित सूचनाऐं प्राप्त नहीं

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

हुई है। अतः उसके आवेदन के अनुरूप पूर्ण, स्पष्ट एवं सही सूचनाऐं निः शुल्क दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला ने अपने पत्र क्रमांक / भू.अ. / 2020 / 1588 दिनांक 06.10.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. प्रार्थी कैलाश चन्द्र पिता गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया का सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 21.07.2020 को तहसील कार्यालय, डूंगला में प्राप्त हुआ।
2. अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने बाबत तहसील डूंगला के समस्त पटवार मण्डलों द्वारा जारी गिरदावरियों से संबंधित P-35 पंजिका (रजिस्टर) की प्रमाणित छाया प्रति चाही गई। पटवार हल्का की P-35 पंजिका की प्रमाणित छायाप्रति निर्धारित राजकीय शुल्क जमा कर पटवार हल्का द्वारा ही दी जाती है, इसलिए प्रार्थी को पटवार हल्का की P-35 पंजिका की प्रमाणित छाया प्रति निर्धारित राजकीय शुल्क जमा कर पटवार हल्का से प्राप्त करने बाबत लिखा गया।
3. प्रार्थी द्वारा निहित चकों की संख्या की सूचना चाही गई, जिसका तहसील स्तर पर कोई रिकार्ड संधारण नहीं होकर पटवार हल्का द्वारा रिकार्ड संधारण किया जाने से उक्त सूचना समस्त पटवार हल्कों से ली जाकर मूल ही प्रार्थी को प्रेषित की गई।
4. प्रार्थी द्वारा वांछित पटवारियान के नाम व मोबाईल नम्बर की सूची प्रार्थी को प्रेषित की गई है।
5. प्रार्थी द्वारा वांछित समस्त पटवार मण्डलों में गेहूं के समर्थन मूल्य पर पटवार हल्का द्वारा जितने हैक्टर की गिरदावरी जारी की गई सूचियां पटवार हल्का से लेकर मूल ही प्रार्थी को प्रेषित की गई है।
6. प्रार्थी को उपरोक्त सूचना तहसील कार्यालय डूंगला के पत्रांक / भू.अ. / 2020 / 1269 द्वारा दिनांक 19.08.2020 को अन्दर मियाद व समस्त पटवारियान से प्राप्त कर पूर्ण व मूल ही प्रेषित की गई है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा अपने पत्रांक / भू.अ. / 2020 / 1588 दिनांक 06.10.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन से दो बिन्दुओं, समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने बाबत समस्त पटवार मण्डलों द्वारा जारी P-35 पंजिका (रजिस्टर) की प्रमाणित प्रति, संबंधित पटवार मण्डल के पटवारी के नाम मय दूरभाष नम्बर तथा पटवार मण्डलों द्वारा अपने—अपने चकों में कुल जितने हैक्टेयर की गिरदावरी जारी की गई उसके क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) की सूचना / प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला ने अपने पत्रांक / भू.अ. / 2020 / 1269 दिनांक 19.08.2020 से अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचनाऐं / प्रमाणित प्रतिलिपियां उपलब्ध कराना बताया है जबकि सहायक लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 1269 दिनांक 19.08.2020 का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि उनके द्वारा बिन्दु संख्या एक के संबंध में पटवार मण्डलों द्वारा जारी P-35 पंजिका (रजिस्टर) की प्रमाणित छायाप्रतियां, संबंधित पटवार मण्डलों पर निर्धारित राजकीय शुल्क जमा करा संबंधित पटवार हल्का से सूचना प्राप्त करने हेतु लिखा है। इसी प्रकार पटवार मण्डल के पटवारियान के नाम व मोबाईल नम्बर की सूची संलग्न होना तथा बिन्दु संख्या दो में पटवार हल्का द्वारा जितने हैक्टर की गिरदावरी जारी की गई सूचियां साथ संलग्न होना बताया है किन्तु सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा अपीलार्थी को उक्त सूचनाऐं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित नहीं की गई है तथा अपीलार्थी ने भी दिनांक 22.10.2020 तक भी उसके द्वारा वांछित सूचनाऐं उसे प्राप्त नहीं होना बताया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रत्येक तहसील क्षेत्र में संबंधित तहसीलदार को राजस्व विभाग के लिए सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया हुआ है तथा अपने तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग से संबंधित सूचनाऐं संकलित कर प्रार्थी को उपलब्ध कराने का दायित्व सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार का है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 94/2020 (सू.अ.)
श्री कैलाश चन्द्र डाड निवासी मण्डफिया बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला

आवेदक द्वारा वांछित सूचनायें उसे आवेदन प्रस्तुत करने की दिनांक से 30 दिवस की निर्धारित अवधि के भीतर नियमानुसार प्रतिलिपि शुल्क प्राप्त कर उपलब्ध करवायी जाने का प्रावधान है। इसके लिये आवेदक द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु प्रस्तुत आवेदन, संबंधित तक पहुंचाकर सूचना प्राप्त कर, आवेदक को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी की बनती है। सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला अपीलार्थी द्वारा वांछित बिन्दु संख्या 1 की सूचना संबंधित पटवार मण्डलों से प्राप्त कर अपीलार्थी को उपलब्ध कराने में विफल रहे हैं तथा अपीलार्थी ने शेष सूचनाऐं/प्रमाणित प्रतिलिपियां भी उसे अब तक उपलब्ध नहीं होना बताया है।

निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचनाऐं निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(के. के. शर्मा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./94/2020(सू.अ.)/697 दिनांकः—27/10/2020

प्रतिलिपिः—

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला
2. श्री कैलाश चन्द्र डाड पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)